कुन्दकुन्द-शब्द कोश

प्रेरक

आचार्य श्री १०८ विद्यासागर जी महाराज

सकलन

डा उदयचन्द जैन

प्रोफेसर सुखाडिया विश्वविद्यालय

उदयपुर (राजस्थान)

प्रकाशक

श्री दिग जैन साहित्य-संस्कृति संरक्षण समिति

डी ३०२, विवेक विहार, दिल्ली - ९५

प्राप्तिस्थान
श्री शिखर चन्द जैन
श्री दिग जैन साहित्य-सस्कृति सरक्षण समिति
डी ३०२, विवेक विहार
दिल्ली - ९५

कुन्दकुन्द-शब्द कोश

डा उदयचन्द जैन

प्रथम सस्करण - महावीर जयन्ती वी नि स २५१७
मूल्य - पाँच रूपये मात्र (लागत मूल्य से ५ रूपये कम)
मुद्रक - प्रकाश आफसेट प्रिटर्स, फोन ३२७८३५८

प्रकाशकीय

परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य मे ललितपुर की प्रथम वाचना के समय सभागत विद्वानो से हुए विचार विनिमय के निष्कर्ष रूप से जैन साहित्य एव सस्कृति के सरक्षण/सवर्धन के उद्देश्य को प्रामुख्य कर श्री दिग जैन साहित्य-सस्कृति सरक्षण समिति का गठन हुआ था।

गठन के समय ही प्रस्ताव आया कि वर्तमान मे दिगम्बर जैन साहित्य के अग्रगण्य आचार्य कुन्दकुन्द के समय निर्धारण को लेकर साहित्य जगत् में मन-माने ताने बाने बुने जा रहे हैं तथा कई प्रकार का असद् प्रलाप भी मुखरित हो रहा है। अत इस दिशा मे ही सर्वप्रथम कार्य किया जाना नितान्त आवश्यक है। हमे अपने सद्प्रयासो से उसे पुन स्थापित करना चाहिए।

इस समस्या पर गहराई से विचार करते हुए ही भारतवर्ष तथा विदेशो के जैन एव जैनेतर जनमानस को आचार्य कुन्दकुन्द और उनके लोकोपकारी साहित्य से परिचय कराते हुए मन-माने वाग्जालो पर प्रश्न चिन्ह अकित करने के लिए समिति ने "आचार्य कुन्दकुन्द द्विसहस्राब्दी महोत्सव" सम्पूर्ण देश के अनेक भागो मे मनाने तथा मनाने की प्रेरणा देने का निर्णय किया तथा इसके आरम्भ करने की उद्घोषणा ११, १२ और १३ जुलाई ८७ को थूबोन जी मे एक स्तरीय आयोजन के साथ की।

प्रसन्नता है कि जैन समाज के कर्मठ कार्यकर्त्ताओ ने इसमें सराहनीय योगदान कर इसे सफल बनाया जिसके ही फलस्वरूप अब देश के आबालवृद्ध को जानकारी हो सकी कि आचार्य कुन्दकुन्द को इस भारत वसुन्धरा को पवित्र किये हुए दो हजार वर्ष हो गये हैं। इस सन्दर्भ को प्रमाणित रूप से विद्वज्जगत के समक्ष रखने के लिए समिति ने डा ए एन उपाध्ये जी द्वारा लिखित प्रवचनसार की प्रस्तावना का हिन्दी रूपान्तरण कराकर प्रस्तुत किया। इस दौरान आचार्य कुन्दकुन्द से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थ एवं जानकारियां प्रकाशित हुई जो कि स्वागतेय हैं।

कुन्दकुन्द साहित्य के अध्येताओ व जिज्ञासुओ ने उनके शब्दकोश की महती आवश्यकता महसूस की, जो कार्य डा उदयचन्द जी द्वारा अथक परिश्रम के साथ सम्पन्न किया गया उनका प्रयास श्लाघनीय है। किन्तु इसमे अभी काफी सशोधन सवर्द्धन के स्थान रिक्त हैं जो कि आचार्य कुन्दकुन्द साहित्य के मनीषियो एव चिन्तको के सहयोग के साथ ही यथासमय पूर्णता को प्राप्त कर सकेगे। मुझे जानकारी है कि अभी तक वर्तमान का कोई भी कोश प्रथम प्रयास मे ही पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सका उसके परिमार्जन/परिवर्द्धन के लिए पर्याप्त समय और सस्करण अपेक्षित हुए है। इसी प्रकार इस प्रस्तुत कोश को भी प्रौढ़ता प्राप्त करने के लिए मनीषियो एव अध्येताओ का सहयोग वाछनीय होगा। हम आशा करेगे कि इस दिशा मे आपका श्रम हमारे उत्साहवर्धन के योग्य होगा।

प्रस्तुत कोश के सकलन मे आचार्य श्री विद्यासागर जी की प्रेरणा का पावन-योग मिला है, अत समिति एव सकलनकर्ता उनकी तपोपूत कराजलि मे इस ग्रन्थ को समर्पित करते हुए उन परम निर्ग्रन्थ के प्रति विनम्र भक्ति-भाव व्यक्त करते हैं साथ ही इस कार्य के सहयोगी महानुभावो के प्रति सहृदय आभार ज्ञापित करते है।

इस शब्दकोश के प्रकाशन के लिए श्री सुमत प्रसाद जैन (सी–२०९) और श्रीमति सरोजनी जैन (धर्मपत्नी श्री मोती लाल जैन) (बी–२५७) विवेक विहार दिल्ली द्वारा पूरा कागज प्रदान करके हमे प्रोत्साहित किया है। अत हम उनके हृदय से आभारी है।

आशा है विद्वत्समाज एव जिज्ञासु समुदाय इस प्रयास का योग्य लाभ लेगा।

मैसूर
१४ ३ ८९

राकेश जैन
मत्री

प्राथमिकी

आगम साहित्य की परम्परा मे आचार्य कुन्दकुन्द विरचित सिद्धान्तग्रन्थो का महत्वपूर्ण स्थान है। जितनी श्रद्धा एव भक्ति के साथ आचार्य कुन्दकुन्द का नाम प्रत्येक शुभ कार्य के प्रारम्भ मे लिया जाता है उतना ही आगम साहित्य, सिद्धान्त ग्रन्थो मे पचास्तिकाय, समयसार, प्रवचनसार, नियमसार एव अष्टपाहुड आदि को सर्वोपरि मानकर उनके पठन-पाठन एव स्वाध्याय की परम्परा उच्च स्थान को प्राप्त करती जा रही है। अत सिद्धान्त ग्रन्थो के साथ वर्षो की पूर्व परम्परा इसके साथ जुड़ी है। इसकी भाषा आर्य है तथा प्राचीन भी है। भाषाविदो ने जिसे शौरसेनी सज्ञा दी है। इस शौरसेनी प्राकृतो का अध्ययन करते समय जब विचार किया तो इससे सम्बन्धित सर्व प्रथम व्याकरण लिखने का निश्चय किया गया और शौरसेनी प्राकृत विद्वज्जगत के सामने आई।

शब्द कोश की शुरूआत इससे पूर्व हो चुकी थी, परन्तु कुछ कार्य शेष था इसलिए यह शीघ्र सामने नहीं आ सका। शौरसेनी शब्द कोश की विशाल रूपरेखा हमारे सामने थी। सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर के जैन विद्या एव प्राकृत विभाग के अध्यक्ष ने इसे सीमित दायरे मे समेटने का प्रस्ताव रखा। इसी दृष्टि का विधिवत् रूप से आचार्य श्री विद्यासागर जी से जबलपुर मे परामर्श लिया गया और इसे अन्तिम रूप दिया गया।

इस शब्दकोश मे निम्न विधि अपनाई गई है :–

१ सर्वप्रथम मूलशब्द दिए गए तत्पश्चात् उन शब्दो का लिंग और सस्कृत को [ ] कोष्ठक में दिया गया।

२ कोष्ठक के बाद उस शब्द का अर्थ एव सन्दर्भ ग्रन्थ की पक्ति सहित दिया गया है।

३ सन्दर्भ ग्रन्थ एव उसकी पक्ति के अतिरिक्त उस शब्द का व्याकरणात्मक मूल्याकन भी प्रस्तुत किया है।

४ यथा स्थान कुन्दकुन्द के ग्रन्थों के पारिभाषिक शब्द भी दिये गये हैं।

५ मूल शब्द के साथ जुड़ने वाले शब्द उसी शब्द के साथ देकर उसका अर्थ प्रस्तुत किया गया है।

६ जहा तक सभव हो सका वहा व्याकरण सम्बन्धी नियम भी दिये गए हैं।

प्रस्तुत कोश के निर्माण में 'पाइय-सद्द-महण्णव' तथा सस्कृत शब्द कोश आदि कोश ग्रन्थो, आचार्य कुन्दकुन्द के समस्त ग्रन्थ, उनके टीकाकार, हिन्दी अर्थ आदि के प्रस्तुत करने वालो से इसके शब्द चयन किये गये हैं। मूलरूप में शब्द चयन का आधार बिन्दु कुन्दकुन्द भारती रहा है। अत मैं उन सभी महानुभावों का अत्यन्त कृतज्ञ हूँ, जो इन ग्रन्थो से सम्बन्धित हैं।

इस ग्रन्थ के प्रेरक आचार्य श्री विद्यासागर जी के चरणो मे शत-शत नमन है जिनकी महान् प्रेरणा का फल यह कोश ग्रन्थ है। भाई श्री डा प्रेमसुमन जी जैन, उदयपुर का सक्रिय सहयोग एव परामर्श ही उत्साहवर्धन मे सदैव सहायक रहा है। अत मैं उनका अत्यन्त आभारी हूँ।

हमारे पूज्य परम श्रद्धेय डॉ दरबारीलाल जी कोठिया, बीना, ब्र राकेश जैन, जबलपुर, पूज्य काका प सुखानन्द जैन बम्हौरी को विस्मृत नहीं किया जा सकता जिन्होंने सदैव उत्साहित किया। मेरी पत्नी श्रीमती माया जैन एव मेरे बच्चे सदा सहयोगी रहे हैं।

कोश का प्रकाशन श्री दिग जैन साहित्य सस्कृति सरक्षण समिति के द्वारा हो रहा है अत उसका भी मैं अत्यन्त आभारी हूँ। जिन्होंने इसे सुन्दर रूप में प्रस्तुत किया। सधन्यवाद

उदयचन्द जैन

अ	अव्यय
अ भू	अनियमित भूतकाल
अक	अकर्मक
आ भ	आचार्यभक्ति
आ भ अ	आचार्यभक्तिअंचलिका
आ/वि प्र ए	आज्ञा/विध्यर्थक प्रथमपुरुष एकवचन
आ/वि प्र ब	आज्ञा/विध्यर्थक प्रथमपुरुष बहुवचन
आ/वि म ए	आज्ञा/विध्यर्थक मध्यमपुरुष एकवचन
आ/वि म ब	आज्ञा/विध्यर्थक मध्यमपुरुष बहुवचन
आ/वि उ ए	आज्ञा/विध्यर्थक उत्तमपुरुष एकवचन
आ/वि उ ब	आज्ञा/विध्यर्थक उत्तमपुरुष बहुवचन
क प्र	कर्मणि प्रयोग
क्रि वि	क्रिया विशेषण
च ए	चतुर्थी एकवचन
च ब	चतुर्थी बहुवचन
च/ष ए	चतुर्थी/षष्ठी एकवचन
च/ष ब	चतुर्थी/षष्ठी बहुवचन
चा पा	चारित्रपाहुड
चा भ	चारित्रभक्ति
चै भ	चैत्यभक्ति
चै भ अ	चैत्यभक्तिअंचलिका

तृ ए	तृतीया एकवचन
तृ ब	तृतीया बहुवचन
ती भ	तीर्थभक्ति
ती भ अ	तीर्थभक्तिअचलिका
त्रि	त्रिलिग
द पा	दर्शनपाहुड
द्वा	द्वादशानुप्रेक्षा
द्वि ए	द्वितीया एकवचन
द्वि ब	द्वितीया बहुवचन
न	नपुसकलिग
न भ	नन्दीश्वरभक्ति
नि	नियमसार
नि भ	निर्वाणभक्ति
नि भ अ	निर्वाणभक्तिअचलिका
प ए	पचमी एकवचन
प ब	पचमी बहुवचन
पु	पुलिग
पु/न	पुलिंग/नपुसकलिग
प	पचास्तिकाय
प ज वृ	पचास्तिकाय जयसेनवृत्ति
प्र ए	प्रथमा एकवचन

प्र ब	प्रथमा बहुवचन
प्र	प्रवचनसार
प्र ज वृ	प्रवचसार जयसेनवृत्ति
प्र ज्ञा	प्रवचनसार ज्ञानाधिकार
प्र चा	प्रवचनसार चारित्राधिकार
प्रे	प्रेरणार्थक
बो पा	बोधपाहुड
भवि प्र ए	भविष्यत्काल प्रथमपुरुष एकवचन
भवि प्र ब	भविष्यत्काल प्रथमपुरुष बहुवचन
भवि म ए	भविष्यत्काल मध्यमपुरुष एकवचन
भवि म ब	भविष्यत्काल मध्यमपुरुष बहुवचन
भवि उ ए	भविष्यत्काल उत्तमपुरुष एकवचन
भवि उ ब	भविष्यत्काल उत्तमपुरुष बहुवचन
भू	भूतकाल
मो पा	मोक्षपाहुड
यो भ	योगिभक्ति
लि पा	लिंगपाहुड
व प्र ए	वर्तमानकाल प्रथमपुरुष एकवचन
व प्र ब	वर्तमानकाल प्रथमपुरुष बहुवचन
व म ए	वर्तमानकाल मध्यमपुरुष एकवचन
व म ब	वर्तमानकाल मध्यमपुरुष बहुवचन

व उ ए	वर्तमानकाल उत्तमपुरुष एकवचन
व उ ब	वर्तमानकाल उत्तमपुरुष बहुवचन
वि	विशेषण
वि/आ	विधि/आज्ञार्थक
वि कृ	विध्यर्थ कृदन्त
शी पा	शीलपाहुड
श्रु भ	श्रुतभक्ति
ष ए	षष्ठी एकवचन
ष ब	षष्ठी बहुवचन
स	समयसार
स ब	सप्तमी बहुवचन
स ज वृ	समयसार जयसेनवृत्ति
स भ	समाधिभक्ति
सू पा	सूत्रपाहुड
स कृ	सम्बन्ध कृदन्त
स्त्री	स्त्रीलिंग
हे प्रा व्या	हेम प्राकृत व्याकरण
हे कृ	हेत्वर्थ कृदन्त

अ

अ [अ] 1 और, तथा। (भा ५२) पढिओ अभव्वसेणो। 2 रहित। (स १४,१११, प्रव ज्ञे ७१) अविसेसमसजुत्त। (स १४) 3 नहीं, निषेध, प्रतिषेध। (निय १४२, स १६७, पंचा १६३, भा १०४) ण वसो अवसो। (निय १४२) 4 अभाव। (भा १०१, स २३२) जो हवइ असमूढो। (स २३२)

अइ अ [अति] 1 बहुत। (निय २१,२४) अइथूल-थूल- थूल। (निय २१) 2 अतिशय, उत्कर्ष। (मो २४) अइसोहण जो एण। (मो २४) -**थूल** वि [स्थूल] अधिक मोटा। (निय २२) -**सुहुम** वि [सूक्ष्म] अधिक सूक्ष्म। (निय २४) अइसुहुमा इदि परूवेंति। -**सोहण** न [शोधन] अतिशय शुद्धि, विशिष्टशुद्धि। (मो २४) अइसोहण जो एण।

अइरेण अ [अचिरेण] शीघ्र, जल्दी। (द ६,चा ४०, भा ७९) पावइ अचिरेण सुह। (चा ४३)

अइसय पु [अतिशय] सर्वश्रेष्ठ, अति-उत्तम, आधिक्य, प्रमुखता, उत्कृष्टता, अत्यधिक, बहुत बड़ा। (प्रव १३, द २९, बो ३१) अइसयमादसमुत्थ। (प्रव १३) -**गुण** पु न [गुण] सर्वश्रेष्ठ गुण, उत्कृष्टगुण, प्रमुख गुण। (बो ३१) चउतीस अइसयगुणा। (बो ३१) -**वत** वि [वान्] उत्तमतायुक्त, श्रेष्ठतासहित। (बो ३८) अइसयवत सुपरिमलामो य। (बो ३८) अइसय (द्वि ए प्रव १३) अइसएहिं (तृ ब द २९) (हे भिसो हि हिं हिं-३/७)

अग न [अङ्ग] आचाराङ्ग आदि आगम ग्रन्थ विशेष। (पचा १६०) **-पुव्वगद** वि [पूर्वगत] अङ्ग और पूर्वधारी। (पचा १६०) धम्मादीसद्दहण, सम्मत्त णाणमगपुव्वगद। (पचा १६०)

अजलि पु स्त्री [अञ्जली] हाथसपुट, करबद्ध। (प्रव चा ६२) **-करण** वि [करण] हाथ जोडने वाला, विनययुक्त, विनम्र। (प्रव चा ६२) अजलिकरण पणम। (प्रव चा ६२)

अत वि [अन्त्य] अन्तिम, ऊपर, चरम। (पचा २८) उड्ढ लोगस्स अतमधिगता। (पचा २८)

अत पु [अन्त] 1 सबसे छोटा, अन्तिम भाग, अन्तिम हिस्सा। (पचा ७७) अतो त वियाण परमाणु। (पचा ७७) 2 चरम सीमा, अन्तिमबिन्दु, प्रान्तभाग। (पचा ९४) 3 हद। (पचा १, ९१) आयास अतवदिरित्त । (पचा ९१) **-अतीदगुण** पु न [अतीतगुण] अनन्तगुण। (पचा १) अतातीदगुणाण। (पचा १) **-परिवुड्ढि** स्त्री [परिवृद्धि] अन्त की वृद्धि, सीमावृद्धि, प्रान्तभाग की वृद्धि। (पचा ९४) लोगस्स य अतपरिवुड्ढी। (पचा ९४)। **-वदिरित्त** वि [व्यतिरिक्त] अन्त से रहित, अनन्त। (पचा ९१) आयास अतवदिरित्त। (पचा ९१)

अकत्ता वि [अकर्त्ता] अकर्ता, नही करने वाला। (स ११२) तम्हा जीवोऽकत्ता।

अकर सक [अ-कृ] नही करना। (स २४६) अकरतो (व कृ) अकरतो उवओगे।

अकारय वि [अ-कारक] अकारक, नहीं करने वाला, अकर्त्ता। (स ३२०)

अकिण्ण वि [अकीर्ण] नहीं खुदा हुआ, व्याप्त। (द्वा ५६)

अकिंचण्ह वि [अकिञ्चन्य] आकिञ्चन्य, मुनिधर्म का एक भेद। (द्वा ७०) लव-चागमकिंचण्ह।

अक्कंत वि [आक्रान्त] छूटा हुआ, परास्त, अभिभूत, ग्रसित। (द्वा ३८) ससार दुहअक्कंतो।

अक्किरिया स्त्री [अक्रिया] अक्रिया, अव्यापार, अप्रयत्न। (भा १३६)

अक्ख पु न [अक्ष] इन्द्रिय, पाशा, आत्मा। (प्रव २२,५६,५७, प्रव ज्ञे १०६, निय २३, मो ५) -**अतीद** वि [अतीत] इन्द्रियरहित। (प्रव २२) -**विसय** पु [विषय] इन्द्रियविषय, इन्द्रियजन्य, इन्द्रियगोचर। (निय २३) अक्खा (प्र ब) अक्खाणि (प्र ब) अक्खाण (च /ष ब) अक्खाण ते अक्खा। (प्रव ५६)

अक्खय वि [अक्षय] नाशरहित, जिसका कभी नाश न हो, अविनाशी। (प्रव ज्ञे १०३, निय १७६, द ३४, चा ४)

अकज्ज वि [अकार्य] नहीं करने योग्य, व्यर्थ, उत्पन्न नहीं हुआ। (पचा ८४, भा ५५,१११)

अकद वि [अकृत] नहीं किया गया, नहीं बनाया गया, अरचित। (पचा ६६) अकदा परेहिं दिट्ठा।

अकुव्व स [अकुर्व] नहीं करना, नहीं बनाना। (स ९३, १०४' अकुव्वतो (व कृ)

अखिल वि [अखिल] पूर्ण, परिपूर्ण, समस्त। (पचा ९०) ज देदि विवरमखिल।

अगणि पु [अग्नि] अग्नि। (पचा ११०,१४६) झाणमओ जायए अगणी। (प्र ब)

अगरहा स्त्री [अगर्हा] अनिन्दा, अघृणा। (स ३०७) आचार्य कुन्दकुन्द ने **गरहा** को विषकुम्भ और **अगरहा** को अमृतकुम्भ के भेदों में गिनाया है। अणियत्तीयअणिदागरहा सोही अमयकुभो।

अगंध पु [अगन्ध] गन्धरहित। (पचा १२७, स ४९, निय ४६, भा ६४)

अगाढ वि [अगाढ] अगाढ, अनाश्रित। (द्वा ६१) चलमलिनमगाढ। (द्वा ६१) **-त्त** वि [अगाढत्व] अगाढता, आश्रय से रहित होता हुआ, प्रचण्डता से रहित। (निय ५२) चलमलिनमगाढत्त।

अगारि वि [अगारिन्] गृहस्थ। (प्रव चा ५०) अगारी धम्मो सो सावयाण से।

अगुरु/अगुरुग वि [अगुरु] अतिलघु, छोटा। (पचा २४,३१,८४) **-लहुग** वि [लघुक] षड्गुणी-हानिवृद्धिरूप, अगुरुलघुगुण सयुक्त। अगुरुलहुगेहिं सया। (पचा ८ ?)

अग्घ सक [अर्घ] पूजना, आदर करना, सम्मान करना। (द ३३) अग्घेदि (व प्र ए) अग्घेदि सुरासुरे लोए। (द ३३)

अचक्खु पु न [अचक्षुष्] नेत्र से अतिरिक्त इन्द्रिय और मन। (पचा ४२, निय १४) चक्खू अचक्खू ओही। (निय १४) **-जुद**

वि [युत] नेत्र से रहित अवलम्बन। (पचा ४२) अचक्खुजुदवि
य ओहिणा सहिय

अचल वि [अचल] निश्चल, दृढ़, स्थायी। (प्रव ज्ञे १००, निय
१७७, बो १२) णिच्च अचल अणालब। (निय १७७)

अचरित्त न [अचरित्र] आचरणविहीन, सयमरहित, व्रतरहित।
(स १६३) अचरित्तो होदि णायव्वो। (स १६३)

अचित्त वि [अचित्त] जीवरहित, अचेतन। (स २२०, २२१,
२३९, २४३, २० मो १७) आदसहावादण्ण,
सच्चित्ताचित्तमिस्सिय हवदि (मो १७)

अचिरेण अ [अचिरेण] जल्दी, शीघ्र, थोड़ा। (स १८९, प्रव ८८)
लहइ अचिरेण अप्पाणमेव। (स १८९)

अचेदण वि [अचेतन] चैतन्यरहित, निर्जीव। (पचा १२४, स ६८,
१११, ३२८ प्रव ज्ञे ३५) एदे अचेदणा खलु। (स १११) **-त्त** वि
[त्व] अचेतनता। (पचा १२४) तेसि अचेदणत्त।

अचेल न [अचेल] वस्त्ररहित, वस्त्रत्याग, मुनियों का एक गुण।
(प्रव चा ८) लोचावस्सकमचेलमण्हाण। (प्रव चा ८)

अचोक्ख वि [दे] मलिन, अशुद्ध, अपवित्र। (द्वा ४३)
भरियमचोक्ख देह। (द्वा ४३)

अचोरिय न [अचौर्य] अचौर्य, चोरीरहित, लूटरहित, शील का एक
गुण, व्रत का एक भेद। (शी १९) अचोरिय बभचेरसतोसे।
(शी १९)

अच्चत वि [अत्यन्त] अत्याधिक, आजीवन, हमेशा, लगातार,

अन्तरहित, बहुल। (प्रव १२, प्रव चा ७१) अभिधुदो भमइ अच्चत। (प्रव १२)-**फलसमिद्ध** वि [फलसमृद्ध] अत्यन्त फल से युक्त, अतिशय फल की समृद्धि वाला। (प्रव चा ७१) अच्चतफलसमिद्ध। (प्रव चा ७१)

अच्चेदण/अच्चेयण वि [अचेतन] चैतन्यरहित, निर्जीव, चेतनाहीन। (मो ९,५८)

अच्छ सक [आस्] रहना। (मो ४७)

अच्छेअ वि [अच्छेद्य] छेदन करने के अयोग्य, अखण्डित। (निय १७६) अक्खयमविणासमच्छेय। (निय १७६)

अच्छेअ पु [अच्छेद] रिक्त, अपूरित, विनाशरहित, अन्तरहित। (भा २३) तो वि ण तिण्हच्छेओ।

अजधा अ [अयथा] जैसे को तैसा नहीं, अन्यथा, विपरीत। (प्रव ८४, प्रव चा ७२) -**गहण** न [ग्रहण] जैसे को तैसा ग्रहण नहीं, अन्यथाग्रहण। (प्रव ८५) -**गहिदत्थ** वि [ग्रहीतार्थ] अन्य का अन्य विदित होना। (प्रव चा ७१) -**चारविजुत्त** वि [आचारवियुक्त] मिथ्या आचरण से रहित। (प्रव चा ७२) अजधाचारविजुत्तो। (प्रव चा ७२)

अजर वि [अजर] मुक्तावस्था, मुक्तिपथ, मोक्षसुख, बुढ़ापारहित, जीर्णतारहित। (भा १६१) सिवमजरामरलिगमणोवमुत्तम परमविमलमतुल। (भा १६१)

अजाद वि [अजात] अनुत्पन्न, उत्पत्तिरहित। (प्रव ३९,४१) जदि पच्चक्खमजाद। (प्रव ३९)

अजाण वि [अज्ञान] अनजान, ज्ञानरहित। (स १५४) अजाणता (व कृ स १५४)

अजीव पु [अजीव] अचेतन, जड, निर्जीव। (चा २९,पचा १०८) **-द** वि [ता] अजीवपन, जड़ता, निर्जीवता, अचेतनता। **-दव्व** पु न [द्रव्य] अजीवद्रव्य। (चा २९) सजीवदव्वे अजीवदव्वे य। (चा २९)

अजुद पु न [अयुत] दशहजार की सख्या, अनादि, एक ही। (पचा ५०) अजुदसिद्धो य। **-सिद्ध** पु [सिद्ध] अनादिसिद्ध। (पचा ५०) अजुदासिद्धित्ति णिद्दिट्ठा।

अज्ज अ [अद्य] आज। (मो ७७) अज्ज वि तिरयणसुद्धा।

अज्ज सक [अर्ज] कमाना, उपार्जन करना, पैदा करना। अज्जयदि (व प्र ए द्वा ३०) अत्थ अज्जयदि पावबुद्धीए। (द्वा ३०)

अज्जीव पु [अजीव] अजीव, जड़पदार्थ, निर्जीव, चेतनाशून्य। (पचा १२३,१२५,स ८८) अभिगच्छु अज्जीव। (पचा १२३)

अज्जव न [आर्जव] सरलता, निष्कपटता, ऋजुता, सरलपरिणाम, धर्म का एक लक्षण। (निय ११५, चा १२) अज्जवेण (तृ ए निय ११५) लक्खिज्जइ अज्जवेहि भावेहिं। (चा १२) अज्जवेहिं (तृ ब चा १२) **-धम्म** पु न [धर्म] आर्जव धर्म। (द्वा ७३)

अज्जिया स्त्री [आर्यिका] आर्यिका, साध्वी। (सू २२) अज्जिय वि एकवत्था।

अज्झप्प न [अध्यात्म] आत्मसम्बन्धी, आत्मविषयक। (स ५२) **-ट्ठाण** न [स्थान] आत्मसम्बन्धी स्थान। (स ५२) णो

अज्झप्पट्ठाणा। (स ५२)

अज्झयण पु न [अध्ययन] अभ्यास, अध्ययन, पढ़ना। (प्रव चा ५६, निय १२४,भा ८९) अज्झयणमोणपहुदी। (निय १२४)

अज्झवस सक [अध्यव+सो] विचार करना, चितन करना, समझना। (मो ८) अज्झवसदि (व प्र ए) अज्झवसदि मूढदिट्ठीओ। (मो ८)

अज्झवसाण न [अध्यवसान] चितन, विचार, आत्मपरिणाम, आत्म-स्वभाव। (पचा ३४, स ४८) अज्झवसाणादि अण्णभावाण। (स ४८) -**णिमित्त** न [निमित्त] चितन के फलस्वरूप, चितन के कारण, विचार के निमित्त। (स २६७) अज्झवसाण (द्वि ए स ३९) अज्झवसाणाणि (द्वि ब स १९०) अज्झवसाणेण (तृ ए स २६५) अज्झवसाणेसु (स ब स ४०)

अज्झवसिद वि [अध्यवसित] अध्यवसाय, जिसका चितन किया गया। (स २६०,२६२) सत्ते ज एवमज्झवसिद ते। (स २६१) अज्झवसिदेण (तृ ए स २६२)

अज्झसिय वि [अध्युषित] डुबाया हुआ। (प्रव ३०) दुद्धज्झसिय जहा सभासाए। (प्रव ३०)

अज्झा सक [अधि+इ] अध्ययन करना, पढ़ना। (स ३१७) अज्जाइदूण (स कृ स ३१७) सुट्ठुवि अज्झाइदूण सत्थाणि।

अज्झावय पु [अध्यापक] उपाध्याय। (प्रव ४) -**वग्ग** पु [वर्ग] उपाध्याय वर्ग, सजातीयसमूह। (प्रव ४) अज्झावयवग्गाण (च ब प्रव ४)

अट्ट वि [आर्त] पीड़ित, दुःखित, ध्यान का एक भेद। (निय १२९,१८०, भा ७६, लि ५) **-रुद्द** न [रौद्र] आर्तरौद्र। (निय १८०, भा ७६) अट्टरुद्दाणि (निय १८०)

अठिद वि [अस्थित] स्थिति का अभाव। (स १५२)

अट्ठ त्रि [अष्ट] आठ, सख्या विशेष। (पचा २४,स ४५, भा ११९) ववगददोगघअट्ठफासो य। (पचा २४) **-कम्मबंध** पु न [कर्मबन्ध] आठ प्रकार का कर्मबन्ध। (निय ७२) णट्ठट्ठकम्मबधा। (निय ७२) **-गुण** पु न [गुण] आठ गुण। (निय ४७) अट्ठगुणालकिया जेण। **-महागुण-समण्णिय** वि [महागुणसमन्वित] आठ महागुणों से युक्त। (निय ७२) - **वियप्प** न [विकल्प] आठ विकल्प। (पचा १४९, स १८२)-**विह** पु स्त्री [विध] आठ प्रकार। (स ४५) अट्ठविह पि य कम्म।

अट्ठ पु न [अर्थ] वस्तु, पदार्थ। (पचा १०८, प्रव ८५,८६)

अट्ठारह त्रि [अष्टादश] अठारह। (भा १५१,मो ९०) **-दोसवज्जिअ** वि [दोषवर्जित] अठारह दोषों से रहित। (मो ९०) अट्ठारहदोसवज्जिए देवे। (मो ९०)

अट्ठि पु [अस्थि] हड्डी। (भा ४२)

अण अ [अन] निषेधवाचक अव्यय। (प्रव ज्ञे १०६)

अणंत पु [अनन्त] अनन्त, अन्तरहित, सख्या विशेष। (पचा २८,२९, निय ३५) **-जम्मंतर** पु [जन्मान्तर] अनन्त जन्मों में। (भा १८) **-पदेस** पु [प्रदेश] अनन्तप्रदेश। (निय ३५)-**भवसायर** पु [भव-सागर]अनन्तभवसागर। **-संसार**

पु [ससार] अनन्तससार। (भा ७) **-ससारिअ** वि [सासारिक] अनन्तससारी। (भा ५०) अणतससारिओ जाओ। (भा ५०)

अणक्ख पु [अनक्ष] इन्द्रिय ज्ञान से रहित। (प्रव ज्ञे १०६) झादि अणक्खो पर सोक्ख (प्रव ज्ञे १०६)

अणगार वि [अनगार] भिक्षुक, मुनि, साधु, गृहत्यागी। (स ४११, प्रव ज्ञे ६५,चा ५१,७५) पेच्छदि सिद्धे तघेव अणगारे। (प्रव ज्ञे ६५)

अणज्ज वि [अनार्य] म्लेच्छ, दुष्ट। (स ८)-**भासा** स्त्री [भाषा] अनार्यभाषा। अणज्जभास (द्वि ए स ८)

अणण्ण वि [अनन्य] अभिन्न, अपृथग्भूत। (पचा १२, स ११३, प्रव ज्ञे २१) **-त्त** वि [त्व] अनन्यत्व, एकरूपता, प्रदेशभेद रहित, एकभाव। (पचा ४५,४६) **-परिणाम** वि [परिणाम] अभिन्नपरिणाम। (स १६४, मो ५०) तस्सेव अणण्णपरिणामा। (स १६४) **-भाव** पु [भाव] अभिन्नभाव । **-भूद** वि [भूत] अभिन्नभूत, एकमेक, प्रदेशों से जुदा नहीं। (पचा १२, प्रव ज्ञे २१) **-मअ** वि [मय] अन्य वस्तुरूप नहीं। (स १८९) **मइय** वि [मय]अभिन्नरूप। (पचा ४) **-मण** पु न [मनस्] पर द्रव्य से चित्त हटाना। (पचा १५८) **-विह** वि [विध] अन्य रूप, अन्य प्रकार। (मो ५१)

अणण्णमण्ण स [अनन्यमन्य] अन्यत्-अनन्यत्, और-और नहीं, दूसरा नहीं (पचा ९१)

अणण्णमय वि [अनन्यमय] अभेदरूप। (पचा १६२)

अणण्णय वि [अनन्यक] अन्यपने से रहित। (स १४)

अणप्पय पु [अनात्मक] आत्मा से परे, आत्म-अनभिज्ञ। (स २०२)

अणप्पवस पु न [अनात्मवश] पराधीन, परवश। (भा ११२,२१)

अणय पु [अनय] अनीति, अन्याय। (भा २६)

अणल पु [अनल] अग्नि। **-काइय** वि [कायिक] अग्निकायिक, अग्निकाय सम्बन्धी। (पचा १११)

अणवकास पु न [अनवकाश] अवकाश न देना, स्थान देने में असमर्थ। (पचा ८०)

अणवर/अणवरय वि [अनवरत] सतत्, निरन्तर। (द २९, निय ११३,मो ३)

अणाइ वि [अनादि] आदि रहित। (पचा ५३, स ८९, भा ७,१४, ११२) **-काल** पु [काल] अनादिकाल। (भा ७,१४,१०२,११२) **-णिहण** पु न [निधन] अनादि अनत। अणाइणिहण (प्र ए भा ११४)

अणाणि वि [अज्ञानिन्] अज्ञानी। (स १२६,१३१)

अणागय वि [अनागत] आगामी। (स २१५, निय ९५) अणागयसुहमसुहवारण किच्चा।

अणागार पु [अनागार] अनागार, मुनि, साधु। (प्रव ज्ञे १०२)

अणादिणिघण पु न [अनादिनिधन] अनादि-अनन्त। (पचा १३०) अणादिणिघणो सणिघणो वा।

अणायार वि [अनाचार] आचरणरहित, गृहीत नियमों का

जानबूझकर उल्लघन करना। (निय ८५) मोत्तूण अणायार आयारे जो दु कुणदि थिरभाव।

अणावण्ण वि [अनापन्न] अवस्थित, अव्याप्त। (पचा ३१, ३२) केचित्तु अणावण्णा।

अणारिहद वि [अनार्हत] अर्हत् मत को न मानने वाले, अर्हत् मत से परे। (स ३४७,३४८) मिच्छादिट्ठी अणारिहदो।

अणालंब वि [अनालम्ब] पर के आलम्बन से रहित, पर-पदार्थो के आलबन से रहित। (प्रव १००,निय १७७) णिच्च अचल अणालब। (निय १७७)

अणासव पु [अनास्रव] आस्रव से रहित,आस्रव का अभाव, कर्मास्रव से रहित। (प्रव चा ४५) अणासवा सासवा सेसा।(प्रव चा ४५)

अणाहार पु [अनाहार] उपवास, अनाहार, आहार ग्रहण करते हुए भी निराहार। (प्रव चा २७) अण्ण भिक्खमणेसणमध ते समणा अणाहारा।

अणिगूह वि [अनिगूह्य] अपनी शक्ति को न छिपाता हुआ। (प्रव चा २८) अणिगूह अप्पणो सत्ति।

अणिच्छ वि [अनिच्छ] इच्छा रहित (स २१०,२१३) अपरिग्गहो अणिच्छो।

अणिधण पु न [अनिधन] अन्तरहित। (पचा ४२)

अणिट्ठ वि [अनिष्ट] अप्रीतिकर, अनिष्ट, अहितकर। (प्रव ६१) णट्ठमणिट्ठ सव्व। (प्रव ६१)

अणिद्दिट्ठ वि [अनिर्दिष्ट] आकार रहित, जिसका आकार कहने में नही आता, निराकार। (पचा १२७, स ४९, निय ४६, भा ६४) जीवमणिद्दिट्ठसठाण। (पचा १२७) **-सठाण** वि [सस्थान] आकार रहित सस्थान। (पचा १२७, स ४९, प्रव चा ८०)

अणियद वि [अनियत] अप्रतिबद्ध, पर-द्रव्य में रत, अनियमितता। (पचा १५५) **-गुणपज्जय** पु [गुणपर्यय] पर द्रव्य की गुण एव पर्याय में रत। अणियदगुणपज्जओध परसमओ। (पचा १५५)

अणियत्ति वि [अनिवृत्ति] निवृत्त नहीं होने वाला। (स ३०७)

अणिल पु [अनिल] हवा, वायु, पवन,। (पचा १११,११२) पचास्तिकाय में **अणिल** शब्द का प्रयोग वायुकाय से सम्बन्धित है।

अणिंदा स्त्री [अनिन्दा] निन्दा रहित। (स ३०७) अणियत्तीय अणिदा। (स ३०७)

अणिंदिअ/अणिंदिय वि [अनिन्द्रिय] इन्द्रिय रहित, अतीन्द्रिय। (पचा २७, निय १७७, मो ६) पचास्तिकाय की गाथा १५४ में **अणिंदिय** का अर्थ निर्मल भी स्पष्ट होता है। अत्थित्तमणिदिय भणिय। (पचा १५४)

अणु वि [अणु] थोड़ा, स्वल्प, छोटा, परमाणु। (निय २०) अणुखध वियप्पेण। (निय २०)

अणुकंप/अणुकपय वि [अनुकम्प] दया, भक्तिभाव, भक्ति। प्रवचनसार चारित्राधिकार की गाथा ५१ में भक्तिभाव के रूप में अर्थ की स्पष्टता अधिक प्रतीत होती है। अणुकपयोवयार।

(प्रव चा ५१)

अणुकपा स्त्री [अनुकम्पा] दया, करुणा, कृपा। (पचा १३७) जो भूखे, प्यासे, दु खित एव दु खित मन वाले प्राणियों को दयापूर्वक अपनाता है, उसके अनुकम्पा होती है। तिसिद बुभुक्खिद वा दुहिद दट्ठूण जो हु दुहिदमणो। पडिवज्जदि त किवया तस्सेसा होदि अणुकपा।। **-ससिद** वि [सश्रित]अनुकपा के आश्रित। (पचा १३५) अनुकपाससिदो य परिणामो (पचा १३५) अणुकपाए(तृ ए चा ११) स्त्रीलिग शब्दों के तृतीया एकवचन से लेकर सप्तमी एक वचन तक में **अ**, **इ** एव ए प्रत्यय लगता है। कुन्दकुन्द के ग्रन्थों में प्राय ए प्रत्यय की बहुलता है।

अणुगमण न [अनुगमन] अनुसरण, अनुवर्तन, पीछे-पीछे चलना, गुरुओं के अनुकूल चलना। (पचा १३६, प्रव चा ४७) अणुगमण पि गुरूण। (पचा १३६)

अणुगहिद वि [अनुगृहीत] आभारी, दयायुक्त। (प्रव चा ३) पडिच्छम चेदि अणुगहिदो। (प्रव चा ३)

अणुचर सक [अनु+चर] 1 सेवा करना, अनुसरण करना। अणुचरदि (व प्र ए स १७) अणुचरति (व प्र ब प्रव ज्ञे ५९)अणुचरिदव्वो (वि कृ स १८) 2 पु [अनुचर] सेवक, नौकर, अनुगमन करने वाला।

अणुत्तर वि [अनुत्तर] सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्कृष्ट। (द ३६, शी २८) णिव्वाणमणुत्तर पत्ता। (द ३६)

अणुदिणु न [अनुदिनु अपभ्रश] प्रतिदिन हमेशा, नित्य। (भा

९२,१२०) भावहि अणुदिणु। (भा १२०)

अणुपरिणाम वि [अणुपरिणाम] अणुमात्र परिणमन करने वाला। (प्रव ज्ञे ७३) अणुपरिणामा समा व विसमा वा।

अणुपेहण न [अनुप्रेक्षण] भावना,चितन,विचार। (द्वा १) अणुपेहण वोच्छे।

अणुबद्ध वि [अनुबद्ध] बधा हुआ, सम्बद्ध। (पचा २०) भावा जीवेण सुट्ठु अणुबद्धा। (पचा २०)

अणुभव सक [अनु+भू] अनुभव करना, जानना, समझना, कर्मफल का भोगना। अणुभवति (व प्र ब प्रव २०)

अणुभाग पु [अणुभाग]कर्मफल, प्रभाव, माहात्म्य, शक्ति, सामर्थ, बन्ध का एक भेद। (पचा ७३,स २९०, निय ९८) अणुभागप्पदेसबधेहिं। (पचा ७३) **-ट्ठाण** पु न [स्थान] अनुभाग स्थिति। (निय ४०) णो अणुभागट्ठाणा। (निय ४०)

अणुभाय पु [अनुभाग] कर्मफल, दृढसकल्प। (स ५२) णेव य अणुभायठाणाणि।

अणुभावग वि [अनुभावक] अनुभव कराने वाला, द्योतक, अनुभावगत, बोधक। (स ४०)

अणुमण वि [अनुमत] अनुमोदित, सम्मत, अनुमति। (चा २२) चारित्रपाहुड में **अणुमण** शब्द का प्रयोग अनुमति-त्यागव्रत के लिए आया है। यह व्रत ग्यारह प्रतिमाओं में दशवी प्रतिमाधारी देशविरतश्रावक का एक भेद है। अणुमणमुद्दिट्ठदेसविरदो य। (चा २२)

अणुमत्त न [अणुमात्र] किंचित् भी। (पचा १६७) जस्स हिदयेणुमत्त। (पचा १६७)

अणुमत्ता वि [अनुमत]अनुमति देने वाला। (प्रव ज्ञे ६८, निय ७७) अणुमत्ता णेव कत्तीण।

अणुमहल वि [अणुमहान्त] छोटे-बडे, मूर्तिक-अमूर्तिक, बहुप्रदेशी। (पचा ४) अणण्णमइया अणुमहता।

अणुमण्ण एक [अनु+मन्] अनुमति देना, अनुमोदन करना, प्रसन्न होना, प्रशसा करना। अणुमण्णदि (प्रव ६५) किरियासु णाणुमण्णदि।

अणुमोदण न [अनुमोदन] अनुमति, सम्मति। (निय ६३) कदकारिदाणुमोदणरहिद।

अणुमोदणा स्त्री [अनुमोदना]अनुमति, सम्मति। (द १३) पाव अणुमोदणाण।

अणुरत्त वि [अनुरक्त] अनुरागप्राप्त। (मो ५२)

अणुवेक्खा स्त्री [अनुप्रेक्षा] भावना, चितन, विचार। अणुवेक्खाओ (प्र ब द्दा ८७) अणुवेक्ख (द्वि ए द्दा ८७)भावेज्ज अणुवेक्ख। (द्दा ८७)

अणुहव सक [अनु+भू] अनुभव करना। (पचा १६३, प्रव ज्ञे ४३, ७१,७२) सो तेण सोक्खमणुहवदि। (पचा १६३)

अणेग/अणेय वि [अनेक] बहुत, एक से अधिक। (स ७६,७७,प्रव ज्ञे ३२, निय ११७, भा १४,१६) पुग्गलकम्म अणेयविह। (स ७६) **-कम्म** पु [कर्म] अनेक कर्म। **- विघ/विह**

वि [विध] अनेक प्रकार। (स ८४, १७९,प्रव ज्ञे ३२) **-जम्मतर** न [जन्मान्तर] अनेक जन्मों तक। (भा ३२) **-वित्थरविसेस** वि [विस्तारविशेष] अनेक प्रकार के विस्तार वाला। (स ३८३) **-वार** वि [वार] अनेक बार । अणेयवाराओ (द्वि ब भा १४,१६)

अणेसणा स्त्री [अनेषणा] एषणा का अभाव, एषणारहित। (प्रव चा ३७) अणेसण (द्वि ए)

अणोवम वि [अनुपम]उपमा रहित,अनुपम।(प्रव १३, निय १७७, चा ४३, भा १६१, मो ३,१८) विसयातीद अणोवममणंत। (प्रव १३)

अण्ण स [अन्य] दूसरा, अन्य, भिन्न, पर, और भी, पृथक्, अलग। (पचा ४४,स ४८, प्रव ज्ञे २०, भा ४६) ण जह अण्णो कह होदि। (प्रव ज्ञे २०)-**णिरावेक्ख** वि [निरापेक्ष] अन्य की अपेक्षा से रहित। (निय २८) अण्णणिरावेक्खो जो **-दविय** पु न [द्रव्य] अन्य द्रव्य। (पचा ८८, स ३७२, प्रव ज्ञे ६२) अण्णदविएण अण्णदवियस्स। (स ३७२) **-भाव** पु [भाव] अन्यभाव, परभाव। अण्णभावाण (ष ब स ४८) **-वस** वि [वश] परवश, पराधीन। (निय १४१, १४४, १४५) सुहभावे सो हवेइ अण्णवसो। (निय १४४) **-त्त** वि [त्व]भेदरूप, पृथक्ता,भेदभाव। (पचा ४६,९६, स १७१, प्रव ज्ञे १४) अण्णत्त णाणगुणो। (स १७१) **-मण्ण** वि [अन्य] परस्पर, आपस में, (पचा ७,४८) अत्थतरिदो दु अण्णमण्णस्स। (पचा४८) **-हा** अ [था] अन्य रूप, अन्य प्रकार, विपरीतरीति, विभावरूप।

(प्रव ज्ञे ६१) सठाणादीहिं अण्णहा जादा। (प्रव ज्ञे ६१)

अण्णाण न [अज्ञान] अज्ञान, मिथ्याज्ञान, झूठा ज्ञान। (पचा १६५, स ८८,८९, निय १२, भा ६५, चा १५, मो २८) समयसार गाथा १२९ **में अण्णाणो** का पुलिंग प्रथमा एक वचन में भी प्रयोग हुआ है। उवओगो अण्णाण। (स ८८) अण्णाणमयो जीवो (स ९२) **-तमोच्छण्ण** वि [तमोच्छन्न] अज्ञानरूपी अन्धकार से आच्छादित। (स १८५) अण्णाणतमोच्छण्णो। (स १८५) **-द** वि [ता] अज्ञानता। (स २२१,२२३) तइया अण्णाणद गच्छे। (स २२३) **-णाणमूढ** वि [ज्ञानमूढ] अज्ञानरूपी ज्ञान मे मुग्ध, मिथ्याज्ञान और सम्यग्ज्ञान के विषय में मूढ। (चा १०) **अण्णाणणाणमूढा। (चा १०) -णासण** वि [नाशन] अज्ञानता को नाश करने वाला। (भा ६५) **-मय** वि [मय] अज्ञान युक्त। (स १३१) **-मलोच्छण्ण** वि [मलोच्छन्न] अज्ञानरूपी मल से आच्छादित, मिथ्या ज्ञान से ढँका हुआ। (स १५८) अण्णाणमलोच्छण्ण। (स १५८) **-मोहदोस** पु [मोह-दोष] अज्ञान एव मोहरूपी दोष। अण्णाणमोहदोसेहिं (तृ ब चा १७) - **मोहमग्ग** पु [मोहमार्ग] अज्ञानरूपी मोहमार्ग। अण्णाणमोहमग्गे। (स ए चा १३) अण्णाणादो (प ए) अण्णाणस्स (ष ए स १३२)

अण्णोण्ण वि [अन्योन्य] परस्पर, एक दूसरे। (पचा ६५, स ३१३, प्रव २८) अण्णोण्णपच्चया हवे। (स ३१३)**-अवगाह** पु [अवगाह] परस्पर में अवगाहन, एक दूसरे को अवकाश, परस्परप्रदेशानुप्रवेश। (प्रव ज्ञे ८५) अण्णोण्ण अवगाहो (प्रव ज्ञे

८५) **-णिमित्त** न [निमित्त] एक दूसरे के निमित्त। अण्णोण्णणिमित्तेण (तृ ए स ८१) **-आगाहमवगाढ** वि [अवगाह-अवगाढ] परस्पर एक क्षेत्र अवगाहन करके अतिशय गाढे भरे हुये। (पचा ६५) गच्छति कम्मभाव अण्णोण्णागाहमवगाढा। (पचा ६५)

अण्णाणि वि [अज्ञानिन्] अज्ञानयुक्त, ज्ञानरहित, मिथ्याज्ञानी। (स १८५,२२९, स ज वृ १५३, प्रव चा ३८,४३, भा १३७) भावपाहुड में **अण्णाणी** शब्द का प्रयोग षष्ठी एकवचन के रूप में हुआ है। सत्तट्ठी अण्णाणी। (हे स्यम्-जस-शसा लुक् ४/३४४, षष्ठ्या ४/३४५) अण्णाणी प्रथमा एक वचन का रूप है, प्रथमा में प्रत्यय लोप होकर हृस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है। अण्णाणिओ प्र ब स १२७) अण्णाणमओ भावो, अण्णाणिओ कुणदि तेण कम्माणि।

अतच्च न [अतत्व] अतत्त्व, सारहीन, असत्य। (स १३२) जीवाण अतच्चउवलद्धी। (स १३२)

अतिहि पु [अतिथि] पाहुन, अतिथि, पात्र, अभ्यागत, शिक्षाव्रत का एक भेद। (चा २६) तइय च अतिहिपुज्ज। (चा २६) **-पुज्जा** स्त्री [पूजा] अतिथि पूजा। तइय च अतिहिपुज्ज।(चा २६)

अतीद वि [अतीत] परे। (भा ६३, प्रव २९)

अतुल वि [अतुल] अनुपम। (भा ९२) भावहि अणुदिणु अतुल। (भा ९२)

अत्त पु [आत्मन्] 1 आत्मा, जीव चेतन। (पचा ६५ स ८३)

जाण अत्ता दु अत्ताण। (स ८३) -**भाव** पु [भाव] आत्मभाव। (स ८६) जम्हा दु अत्तभाव। (स ८६) 2 पु [आत्मन्] अपना। (स ९४,९५) -**मज्झ** वि [मध्य] अपने आप ही मध्य । (नियं २६) 3 वि [आर्त] आर्तध्यान, पीड़ित, दु खित। (पचा १४०) इदियवसदा य अत्तरुद्दाणि। 4 वि [आप्त] वीतरागी, सर्वज्ञ, केवलज्ञानी। (नियं ५) अत्तागमतच्चाण, सद्दहणादो हवेइ सम्मत्त।

अत्ताण पु [आत्मन्] अपने आप। (स ८३) अत्ताण (द्वि ए स ८३) जाण अत्ता दु अत्ताण।

अत्तावण वि [आतापन] आतापनयोग। (भा ४४) अत्तावणेण आदो, बाहुबली कित्तिय काल।

अत्थ अक [स्था] बैठना, ठहरना। अत्थेइ (व प्र ए बो ५५)

अत्थ पु न [अर्थ] 1 पदार्थ, वस्तु, अर्थ, जिन्स। (स ४१५,प्रव ५९) अत्थतच्चदो णाऊ। (स ४१५) 2 पु न [अर्थ] धन, द्रव्य। -**अत्थी** वि [अर्थिन्] धनार्थी, धन चाहने वाला। (स १७) अत्थत्थीओ पयत्तेण। (स १७) -**अतगद** वि [अन्तगत] पदार्थ के अन्त को प्राप्त। णाण अत्थतगद। (प्रव ६१) -**अंतरभूद** वि [अन्तर्भूत] पदार्थ में गर्भित। (प्रव ज्ञे ५२,६२) तमत्थ अत्थतरभूदमत्थीदो। (प्रव ज्ञे ५२) -**अतरिद** वि [अन्तरित] पदार्थ से सर्वथा विभिन्न, सर्वथा प्रकार भेद। (पचा ४८,४९) अत्थतरिदो दु णाणदो णाणी। (पचा ४८) -**जाद** वि [जात] पदार्थ को प्राप्त, वस्तु से उत्पन्न। (प्रव १८)

सव्वस्स अत्थजादस्स।

अत्थि अ [अस्ति] 1 सत्त्व सूचक अव्यय। (पचा ३४, स ३८, प्रव ५३)णवि अत्थि मज्झ किंचिवि। (पचा ३८) **-काइय/काय** वि [कायिक/काय] अस्तिकायिक, कायवन्त, प्रदेशों से सहित, बहुप्रदेशी। (पचा ५,६, निय ३४) ते होंति अत्थिकाया। (पचा५) **-सहाव** पु [स्वभाव] अस्तिस्वभाव। (पचा ५) जेंसि अत्थिसहाओ। 2 अक [अस्ति] होना। अत्थि (व प्र ए) सति (व प्र ब)

अत्थित्त न [अस्तित्व] विद्यमानता, अस्तिभाव। (पचा १५४, निय १८१, प्रव ज्ञे ६०) अत्थित्तम्हि य णियदा।

अदंतवण वि [अदन्तधावन] अदन्तधावन, दात साफ नही करना, मुनियों का एक मूलगुण। (प्रव चा ८)

अदत्त वि [अदत्त] नहीं दिया हुआ, अणुव्रत का एक भेद, चोरी। (स २६३,चा २४,३०,लि १४) मोसे अदत्तथूले य। (चा २४) -**दाण** वि [दान]बिना दी गई वस्तु का ग्रहण। (लि१४) **-विरइ** वि [विरति] बिना दी गई वस्तु का त्याग, अणुव्रत या महाव्रत का एक भेद। (चा ३०) असच्चविरई अदत्तविरई।

अदिंदिअ/अदिंदिय वि [अतीन्द्रिय] अतीन्द्रिय, इन्द्रिय रहित। (प्रव १८,२०,५३,५४) जम्हा अदिंदियत्त। (प्रव २०) **-त्त** वि [त्व] इन्द्रियरहितपना, अतीन्द्रियता। (प्रव २०)

अदिक्कत वि [अतिक्रान्त] रहित, परे, छूटा हुआ। पाणित्तमदिक्कता। (पचा ३९) ससारमदिक्कतो (द्वा ३८)

अदिसय वि [अतिशय] अतिशय, चमत्कारपूर्ण, आश्चर्यजनक। (निय ७१)

अदिस्समाण व कृ [अदृश्यमान] नहीं दिखाई देता हुआ।

अदीद वि [अतीत] परे। (पचा ३५) वचिगोयरमदीदा। (पचा ३५)

अद्ध पु न [अर्ध] आधा, एक का आधा। अद्ध भणति देसोत्ति (पचा ७५) **-अद्ध** पु न [अर्ध] आधे का आधा, चौथाई भाग। अद्धद्ध च पदेसो। (पचा ७५)

अध अ [अथ] अब, इसके बाद, इसके पश्चात्। (पचा ३७,३८) सस्सधमध उच्छेद। (पचा ३७)

अधम्म पु [अधर्म] पाप, अनीति, अनाचार। (स २११) अपरिग्गहो अधम्मस्स, जाणगो तेण सो होदि। (स २११)

अधम्म पु [अधर्म] द्रव्य का एक भेद, अधर्म। जो जीव और पुद्गलों के ठहराने में सहायक होता है, वह अधर्मद्रव्य है। यह बहुप्रदेशी होने से अस्तिकाय है। ठिदिकिरियाजुत्ताण, कारणभूद तु पुढवीव। (पचा ८६,निय ३०) **-च्छि** पु [अस्ति] अधर्मास्तिकाय। (स ज वृ २११)

अधवा अ [अथवा] अथवा, या, और । (पचा ४४) दव्वाणतियमधवा। (पचा ४४)

अधारणा स्त्री [अधारणा] जो लाभदायक न हो, अधारणा। (स ३०७) इसे अमृतकुम्भ के आठ भेदों में गिनाया है। अप्परिहारो अधारणा चेव। (स ३०७)

अधिक/अधिग वि [अधिक] विशेष, ज्यादा, बहुत। (प्रव १९,२४) **-तेज** वि [तेज] अधिक तेज, अधिक बल। (प्रव १९) अणतबलवीरिओ अधिकतेजो। **-गुण** वि [गुण] अधिक गुण। अधिगगुणासामण्णे, समिदकसायो तवोधिगो चावि। (प्रव चा ६८)

अधिगद वि [अधिगत] प्राप्त हुआ, प्राप्त होने वाला। (पचा १२९) गदिमधिगदस्स देहो। (पचा १२९)

अधिगम वि [अधिगम] यथार्थ अनुभव, ठीक-ठीक बोध, तत्त्वज्ञान का बोध। (पचा १०७, स १५५, निय ५२) अधिगमभावो णाण, हेयोपादेयतच्चाण। (निय ५२)

अधिगता स कृ [अधि+गम्] प्राप्त करके। (पचा २८) लोगस्स अतमधिगता।

अधिवस अक [अधि+वश्] वास करना, रहना। अधिवसदु (वि /आ प्र ए प्रव चा ७०) अधिवसदु तम्हि णिच्च।

अधिवास पु [अधिवास] निवास, रहना, अधीनता, स्वीकार करना, (गुरुओं के) पास रहना। (प्रव चा १३) अधिवासे य विवासे, छेदविहूणो भवीय सामण्णे।

अधी स्त्री [अधी] अबुद्धि, बुद्धिहीन, कुमति, अज्ञानी। (भा १०२) सच्चित्तभत्तपाण, गिद्धोदप्पेणऽधी पभुत्तूण।

अधी सक [अधि+इ] पढ़ना, अध्ययन करना। अधीएज्ज (व प्र ए स २७४) (हे वर्तमानापञ्चमीशतृषु वा।३/१५८, ज्जा-ज्जे ३/१५९, वर्तमान, विधि/आज्ञा एव भविष्यकाल के

दोनों वचनों के तीनों पुरुषों में ज्जा,ज्ज प्रत्यय भी होते है)
अभवियसत्तो दु जो अधीएज्ज। (स २७४)

अधुव वि [अध्रुव] अस्थिर, अविनश्वर, एक भावना का नाम। (स ७४) जीवणि-बद्धा एए अधुव। (स ७४)

अपच्चखाण/अपच्चक्खाण न [अप्रत्याख्यान] परित्याग न करने की प्रतिज्ञा, अत्याग। (स २८३,२८५) अपच्चखाण तहेव विण्णेय। (स २८३)

अपडिक्कमण/अपडिकमण न [अप्रतिक्रमण] अनिवृत्ति, अशुभव्यापार में प्रवृत्ति, दुष्कृत के प्रति पश्चात्ताप नहीं होना। (स २८३-२८५) अपडिक्कमण दुविह (स २८४)

अपत्त न [अपात्र] 1 अपात्र, जो योग्य न हो। (द्वा १८) जो सम्यग्दर्शन रूपी रत्न से रहित है, वह अपात्र है।
सम्मत्तरयणरहिओ, अपत्तमिदि सपरिक्खेज्जो। 2 वि [अप्राप्त] प्राप्त नहीं हुआ। (स ३८२) बुद्धि सिवमपत्तो। (स ३८२)

अपत्थणिज्ज [अप्रार्थनीय] प्रार्थना से रहित, अनिन्दनीय। (प्रव चा २३) अपत्थणिज्ज असजदजणेहिं। (प्रव चा २३)

अपद वि [अपद] पदरहित, द्रव्य। अपदे (द्वि ब स २०३) अपदे मोत्तूण गिण्ह तह णियद।

अपदेस पु [अप्रदेश] प्रदेशरहित, अपरिमाण विशेष, असयुक्त। (स १५, प्रव ४१, प्रव ज्ञे ४५,४६) अपदेससुत्तमज्झ, पस्सदि जिणसासण सव्व।

अपमत्त वि [अप्रमत्त] प्रमादरहित, सावधान, अप्रमत्त नामक गुणस्थान। (निय १५८) अपमत्तपहुदिठाण, पडिवज्ज य केवली जादा। (निय १५८)

अपरम वि [अपरम] अपरमभाव, अनुत्कृष्ट। (स १२) अपरमेट्ठिदा भावे। (स १२)

अपरिग्गह वि [अपरिग्रह] धन-धान्य आदि परिग्रह से रहित, व्रत विशेष, महाव्रत का भेद।(स २१०-२१३) **-त्तण** वि [त्व] अपरिग्रहत्व। (स २६४) **-समणुण्ण** वि [समनोज्ञ]मनोज्ञ और अमनोज्ञ परिग्रह त्याग। अपरिग्गहसमणुण्णेसु। (चा ३६)।

अपरिच्चत्त वि [अपरित्यक्त] नहीं छोड़े हुए,परित्याग से रहित। अपरिच्चत्त-सहावेण। (प्रव ज्ञे ३)

अपरिणम सक [अपरि+णम्] परिणमन नहीं करना। अपरिणमतम्हि (व कृ स ए) अपरिणमतीसु (व कृ स ब)

अपादग पु [अपादक] पाव रहित, बिना पैर का, गिंडौला, एक जन्तु विशेष। (पचा ११४) सिप्पी अपादगा य किमी।

अपार वि [अपार] पार रहित, अन्त रहित, अनन्त। (प्रव ७७) हिंडदि घोरमपार। (प्रव ७७)

अपुज्ज् सक [अपूजय्] पूजा के योग्य नहीं, अपूजित, अपूज्य। (भा १४२) सवओ लोयअपुज्जो। (भा १४२)

अपुणब्भव पु [अपुनर्भव] उत्पत्ति रहित, मुक्ति, जन्म-मृत्यु से रहित। (प्रव चा २४, चा ४५) **-कामिण** वि [कामिन्] मोक्षाभिलाषी। (प्रव चा २४)अपुणब्भवकामिणोध। **-कारण** न

[कारण] मोक्ष हेतु, मोक्ष का निमित्त। (प्रव ज्ञे ६)

अपुणब्भाव पु [अपुनर्भाव] मोक्ष प्राप्ति। (प्रव चा ५६) ण लहदि अपुणब्भाव।

अपुधब्भूद वि [अपृथग्भूत] एक क्षेत्र अवगाही, प्रदेश भेद रहित। (पचा ५०,९६) अपुधब्भूदो य अजुदसिद्धो य। (पचा ५०)

अपुव्व वि [अपूर्व] अद्‌भुत, अद्वितीय। (भा १३२) भावि अपुव्व महासत्त।

अपोह पु [अपोह] युक्ति देना, तर्क प्रस्तुत करना, तर्क शक्ति द्वारा शका निवारण । अपोहाविवरीयभासण। (चा ३३)

अप्प स [अल्प] अल्प, थोडा। (सू १८,१९) अप्प बहुय च हवइ लिगस्स। **-गाह** पु [ग्राह्य] अल्पग्रहण। (सू २७) गाहेण अप्पगाहा। (सू २७) **-बहुय** वि [बहुक] अल्पबहुत्व। (सू १८,१९) जइ लेइ अप्पबहुय। (सू १८) **-लेवी** वि [लेपी] अल्पलिप्त। (प्रव चा ३१) **-सार** पु न [सार] अल्पसार। (भा १३०) णरसुरसुक्खाण अप्पसाराण। (भा १३०)

अप्प पु [आत्मन्] आत्मा, जीव, चेतन, निज। (स २९,५३, निय १७०, पचा १४०, मो ५, भा १३१) तुम कुणहि अप्पहिय। (भा १३१) **-पयास** पु [प्रयास] आत्मउद्यम, निज उद्यम, निज प्रयत्न। (निय १६५) णाण अप्पपयास। (निय १६५) **-प्पसंसिय** वि [प्रशसित] आत्मप्रशसित, आत्मश्लाघ्य।(निय ६२)अप्पप्पससिय वयण।(निय ६२)-**वस** पु [वश]आत्मवश, आत्माधीन। (निय १४६) अप्पवसो सो

होदि। **-वियप्प** पु [विकल्प] आत्मविकल्प, अपने में विकल्प। (स ९४,९५) अप्पवियप्प करेइ कोहो ह। (स ९४) अप्पवियप्प करेदि धम्माई। (स ९५) **-समभाव** पु [समभाव] आत्म समभाव। (मो ५०) सो हवइ अप्पसमभावो। (मो ५०) **-सकप्प** पु [सकल्प] **आत्मसकल्प, आत्मचितन। (मो ५) अतरप्पा हु अप्पसकप्पो। -सरूव** वि [स्वरूप] आत्म-स्वरूप, आत्म-सदृश। (निय ११९,१६९) **-सहाव** पु [स्वभाव] आत्म-स्वभाव। (निय १४७) **-हिय** न [हित] आत्मरहित, आत्म-कल्याण। (भा १३१) तुम कुणहि अप्पहिय।

अप्पग/अप्पय पु [आत्मक] 1 जीव द्रव्य, आत्मा। (प्रव ७९,स १८६) सो अप्पग सुद्ध। 2 वि [आत्मक] स्वकीय, निजीय, अपना। (प्रव ८९) अप्पग (द्वि ए पचा १५८) अप्पणो (द्वि ब प्रव ९०) **अ**प्पणा (तृ ए स २५३) अप्पणो (च /ष ए स २९३, **प्रव** ७) इच्छदि जदि अप्पणो अप्पा। (प्रव ९०)।

अप्पट्ठपसाधग वि [आत्मार्थप्रसाधक] आत्मीक स्वभाव साधने वाला। (पचा १४५) अप्पट्ठपसाधणो हि अप्पाण। (पचा १४५)

अप्पडिकम्म वि [अप्रतिकर्मन्] सस्कार रहित,सम्हालने या सजाने की क्रिया रहित। (प्रव चा ५,स ज वृ ३०८) अप्पडिकम्म हवदि लिग। (प्रव चा ५) **-त्त** वि [त्व] ममत्वभाव की क्रिया से रहित। (प्रव चा २४)

अप्पडिकुट्ठ वि [अप्रतिकुष्ट] अनिन्दित। (प्रव चा २३)

अप्पडिबद्ध वि [अप्रतिबद्ध] आकाक्षा रहित। (प्रव चा २६)

अप्पडिबुद्ध वि [अप्रतिबुद्ध] अज्ञानी, समझरहित। (स १९) अप्पडिबुद्धो हवदि ताव।

अप्पडिपुण्णोदर वि [अप्रतिपूर्णोदर] अपूर्णपेट। (प्रव चा २९) अप्पडिपुण्णोदर जधा लद्ध। (प्रव चा २९)

अप्पडिहददंसण वि [अप्रतिहतदर्शन] यथार्थ वस्तु का अखण्डित सामान्यावलोकन। (पचा १५४) अप्पडिहददसण अणण्णमय। (पचा १५४)

अप्पडिहार वि [अप्रतिहार] अप्रतिहार। (स ज वृ ३०७)

अप्पप्पयासया स्त्री [आत्मप्रकाशिका] आत्मप्रकाशिका। (निय १६१) अप्पप्पयासया चेव। (निय १६१)

अप्पमत्त वि [अप्रमत्त] अप्रमाद युक्त। (स ६,भा ९४) ण होदि अप्पमत्तो। (स ६)

अप्परिणामि वि [अपरिणामिन्] परिणमन नहीं करने वाला। (स ११६,१२१) अप्परिणामी तदा होदि। (स ११६)

अप्पा पु [आत्मन्] आत्मा, जीव, चेतन। (पचा १४७, स १०२, निय ४३) अप्पा (प्र ए स १०२) **अप्पाण** (द्वि ए पचा १६२, स ९,प्रव ३३) अप्पादो (प ए पचा १५९)अप्पा सु (स ब चा ४३) णाण अप्पा सव्व। (स १०)

अप्पाणभाव पु [आत्मन्भाव] आत्मभाव, निजस्वभाव। (स ९६) अप्पाणभावेण (तृ ए स ९६)

अप्पाणमअ वि [आत्मन्मय्] आत्ममय, अपने आप मय,

निजरूपमय। अप्पाणमओ जीवो। (स ९२) (हे पुष्यन आणो राजवच्च ३/५६) इस सूत्र से **अप्प** में **आण** आदेश विकल्प से होता है। अत अप्प या अप्पाण इन दोनों शब्दों के रूप अकारान्त पुलिङ्ग की तरह चलेंगे।

अप्पिला वि [दि] तुच्छ, अनादरणीय। (शी १७) दुस्सीला अप्पिला लोए।

अफल वि [अफल] निष्फल, निरर्थक। (प्रव ज्ञे २४, प्रव चा ७२) अफले चिर ण जीवदि। (प्रव चा ७२) किरिया हि णात्थि अफला, धम्मो जदि णिप्फलो परमो। (प्रव ज्ञे २४)

अबंध/अबंधण वि [अबन्ध] अबन्ध, बंधयुक्त नहीं। (स १७०, निय १७२)

अबंभ न [अब्रह्म] मैथुन। (भा ९८) **-चारी** वि [चारिन्] अब्रह्मचारी, ब्रह्मचर्य से रहित। (स ३३७) **-चेर** वि [चर्य] अब्रह्मचर्य। (स २६३) **-विरइ** वि [विरति] मैथुन से विरत। (चा ३०)

अबंभु न [अब्रह्म, अपभ्रंश] मैथुन, कुशील। (लि ७)अबंभु लिंगिरूवेण।

अबद्ध वि [अबद्ध] नही बंधे हुए, बंधनरहित। कम्मं बद्धमबद्धं। (स १४२) **-पुट्ठ** वि [स्पृष्ट] नहीं बंधे हुए स्पर्शित। (स १५, १४१) अबद्धपुट्ठं हवइ कम्मं। (स १४१)

अब्भंतर न [अभ्यंतर] भीतर, अन्तरंग। (भा ३,४३,४९) गंथ अब्भंतर धीर। (भा ४३) डहिओ अब्भंतरेण दोसेण। (भा ४९)

-गंधजुत्त वि [गंधयुक्त] अभ्यंतर गंध से युक्त। **-लिंग** न [लिङ्ग] आभ्यन्तर लिङ्ग, आभ्यंतरचिन्ह। (भा १११) अब्भंतरलिंग सुद्धिमावण्णो।

अब्भिंतर न [अभ्यन्तर] अन्तरंग। (भा ७०) **-भाव** पु [भाव] अन्तरंग भाव। (भा ७०) अब्भिंतर-भावदोसपरिसुद्धो।

अब्भुट्ठाण न [अभ्युत्थान] आदर के लिए खड़ा होना, सम्मान में खड़ा होना। (प्रव चा ४७) अब्भुट्ठाणाणुगमणपडिवत्ती।

अब्भुट्ठिद वि [अभ्युत्थित] उद्यत, सावधान, सद्भाव। (प्रव ९२) अब्भुट्ठिदो महप्पा। (निय १५२) समणो अब्भुट्ठिणो होदि।

अब्भुट्ठेय वि [अभ्युत्थेय] सम्मान के लिए खड़े होने योग्य। (प्रव चा ६३) अब्भुट्ठेयसमणा।

अब्भुदय पु [अभ्युदय] स्वर्ग, वैभव, उन्नति, उदय। (भा १२७) **-परंपरा** स्त्री [परम्परा] स्वर्ग की परंपरा, उन्नति की परंपरा अब्भुदयपरंपराइ सोक्खाइं।

अब्भुवसक [अभ्युप] अंगीकार करना। (स ४०४)

अभत्ति वि [अभक्ति] भक्ति नहीं करने वाला। (निय १८५) अभत्ति मा कुणह जिणमग्गे। (निय १८५)

अभयदाण न [अभयदान] जीवनदान, अभय देना। (भा १३५) जीवाणमभयदाणं। (भा १३५)

अभवियसत्त पु [अभव्यसत्त्व] अभव्यप्राणी। (स २७४) अभवियसत्तो दु जो अधीएज्ज।

अभव्व पु [अभव्य] अभव्य, मुक्ति जाने के अयोग्य, जो

भव-भवान्तरों में भी मुक्त नहीं हो। (पचा १२०, स २७३, प्रव ६२, भा १३८) अभव्वो (प्र ए स ३१७) अभव्वा (प्र ब प्रव ६२) अभव्व (द्वि ए पचा ३७) **-जीव** पु [जीव] अभव्व जीव। (भा १३८) मिच्छत्तछण्णदिट्ठी, दुद्धीए दुम्मएहिं दोसेहिं। धम्म जिणपण्णत्त अभव्वजीवो ण रोचेदि। **-सत्त** पु [सत्त्व] अभव्यजीव, त्रैकालिक आत्मीक भाव की प्रतीति से रहित। (पचा १६३) अभव्वसत्तो ण सद्दहदि।

अभाव पु [अभाव] अभाव, निषेध, असत्ता, अविद्यमानता, अस्तित्वरहित, कर्मों का निरोध। (पचा ३५, स १७८, प्रव ज्ञे १५,१६) जो खलु तस्स अभावो। (प्रव ज्ञे १५) कम्मस्साभावेण य। (पचा १५१)

अभिधुद वि [अभिधृत] दु खी होता हुआ, कष्ट पाता हुआ। (प्रव १२)

अभिगच्छ सक [अभि गम्] प्राप्त करना, अनुभव करना, समझना। (पचा १२३,स ९,प्रव ९०) अभिगच्छदु (वि /आ प्र ए पचा १२३) अभिगच्छइ (व प्र ए स ९)जो हि सुएणभिगच्छइ। अभिगम्म (स कृ पचा १२३)

अभिगद वि [अभिगत] रुचि लिए हुए, ज्ञात। (पचा १७०,स १३) भूयत्थेणाभिगदा। (प्र ब स १३)

अभिणदण वि [अभिनदन] प्रशसा, स्तुति, सम्म न, एक तीर्थंकर का नाम। (ती भ ३)

अभिणिवेस पु [अभिनिवेश] अभिप्राय, आग्रह। (नियं ५१)

विवरीयाभिणिवेसविवज्जियसद्दहणमेव सम्मत्त।

अभित्थुय वि [अभिष्टुत] स्तुत, वदनीय, पूजित। (ती भ ६)

अभिभूय वि [अभिभूत] पराभूत, तिरस्कृत, पराजित, अपना-सा कर। (प्रव ३०, प्रव ज्ञे २५) रदणमिह इदणील, दुद्धज्झसिय जहा सभासाए। अभिभूय त पि दुद्ध, वट्टदि तह णाणमत्थेसु।

अभिरद वि [अभिरत] तल्लीन, अभिरत अनुरक्त।

अभिवद सक [अभि+वद्] प्रणामकरना, नमस्कार करना। अभिवदिऊण (स कृ पचा १०५)

अभूदत्थ वि [अभूतार्थ] असत्यार्थ। (स ११) ववहारोऽभूयत्थो, देसिदो दु सुद्धणयो।

अभूदपुव्व वि [अभूतपूर्व] किसी काल में समाप्त नहीं होने वाला, पहले कभी न होने वाला।(पचा २०) तेसिमभाव किच्चा अभूदपुव्वो हवदि मिद्धो। (पचा २०)

अमग्गय वि [अमार्गक] अमार्ग, कुमार्ग, मिथ्यामार्ग। (सू १०) एक्को वि मोक्खमग्गो, सेसा य अमग्गया सव्वे। अमग्गया (प्र ब सू १०)

अमणुण्ण वि [अमनोज्ञ] अमनोज्ञ, असुन्दर, कुरूप। (चा २९) अमणुण्णे य मणुण्णे, सजीवदव्वे अजीवदव्वे य।(चा २९)

अमय पु [अमृत] 1 मुक्ति, मोक्ष। (स ३०७) **-कुभ** पु [कुम्भ] अमृतकलश। (स ३०७) 2 वि [अमय] विकार रहित,अकृत्रिम,स्वभावसिद्ध। (पचा २२) अमया अत्थित्तमया कारणभूदा हि लोगस्स।

अमर पु [अमर] देव। (प्रव ज्ञे २०, भा ७५) खेयरअमरणराण। (भा १०८) अमरो (प्र ए प्रव ज्ञे २०) अमराण (ष ब द २५) अमराण वदियाण।

अमाण वि [अमान] 1 अज्ञानपूर्ण, ज्ञानहीन। सिसुकाले य अमाणे। (भा ४१) 2 वि [अमान] प्रमाणरहित, मर्यादारहित। 3 वि [अमान] मान रहित, सम्मान-अपमान में समान।

अमिअ वि [अमित] मर्यादा रहित, अनन्त, असख्य, परिमाण रहित। सो चेव हवदि लोओ तत्तो अमिओ अलोओ ख। (पचा ३)

अमिद पु [अमृत] अमृत। (द १७) -**भूद** वि [भूत] अमृतरूप, अमृततुल्य। जिणवयणमोसहमिण विसयसुहविरेयण अमिदभूद। (द १७)

अमुत्त वि [अमूर्त्त] रूपरहित, निराकार। (पचा ९९, स ४०५ प्रव ४१, निय १८१, भा १४७) सेस हवदि अमुत्त। (पचा ९९) अमुत्तो (प्र ए पचा २४) अमुत्ता (प्र ब प्रव ज्ञे ३९) अमुत्त (द्वि ए पचा ९९) अमुत्ताण (ष ब प्रव ज्ञे ३९)

अमूढ वि [अमूढ़] अमुग्ध, ज्ञानयुक्त। (स २३२, चा ९) -**दिट्ठी** स्त्री [दृष्टि] सम्यग्दर्शन, सम्यग्दृष्टि। (स २३२) जो हवइ असम्मूढो, चेदा सद्दिट्ठी सव्वभावेसु। सो खलु अमूढदिट्ठी सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो। (स २३२)

अमेय वि [अमेय] सीमा रहित, अमित, अपरिमित। (चा ४) एए तिण्णि वि भावा, हवंति जीवस्स अक्खयामेया।

अमोह वि [अमोह] मोह रहित, निर्मोह, मोह का अभाव।

(चा १२) जीघो आराहतो, जिणसम्मत्त अमोहेण।

अयदाचार वि [अयताचार] प्रयत्नपूर्वक आचरण नही, अयत्नाचार पूर्वक प्रवृत्ति करने वाला। (प्रव चा १७,१८) अयदाचारो समणो। (प्र ए प्रव चा १८) अयदाचारस्स णिच्छिदा हिंसा (ष ए प्रव चा १७)

अयाण वि [अज्ञ] अज्ञानी, अजान, नहीं जानने वाला, अनभिज्ञ। अण्णाणभयाणता (व कृ स ३९) (हे न्त-मणौ ३/१८०)

अरद वि [अरत] अनासक्त, रत नही होने वाला। दव्वुवभोगे अरदो। (स १९६)

अरदि स्त्री [अरति] अरति, रति नहीं होना, नोकषाय का एक भेद। (स १९६) **-भाव** पु [भाव] अरतिभाव। जह मज्ज पिवमाणो, अरदिभावेण मज्जदि ण पुरिसो। (स १९६)

अरय पु [अरक] धुरी, पहिये के बीच भाग का काष्ठ। (शी २६) **-घरट्ट** पु [घरट्ट दे] अरघट्ट, अरहट, पानी का चरखा। (शी २६) ससारो भमिदव्व अरयघरट्ट व भूदेहिं।

अरस पु [अरस] रस सहित, नीरस। (पचा १२७, स ४९) धम्मत्थिकायमरस। (पचा ८३), अरसमरूवमगध। (स ४९)

अरहत पु [अर्हत्] जिन भगवान्,जिसने चार घातिया कर्मो को नष्ट कर दिया है। (पचा १६६, प्रव ४,१४, शी ४०)अरहते माणुसे खेत्ते। (प्रव ३) अरहते (द्वि ब) यहाँ चतुर्थी के योग में द्वितीया का प्रयोग है। अरहताण (च ब प्रव ४) किच्चा अरहताण, सिद्धाण तह णमो गणहराण। अज्झावयवग्गाण,

साहूण चेव सव्वेसि।।(प्रव ४) अरहत (द्वि ए प्रव ८०) अरहता (प्र ब ८२)

अरि पु [अरि] शत्रु, रिपु। (शी २०) सील तवो विसुद्ध,दसणसुद्धी य णाणसुद्धीय । सील विसयाण अरी, सील मोक्खस्स सोवाण।।

अरिह पु [अर्हम्] सर्वज्ञ, वीतरागी, केवलज्ञानी, जिनदेव, अरहत। (स ४०९) ण उ होदि मोक्खमग्गो, लिग ज देहणिमम्मा अरिहा।

अरुव वि [अरूप] रूप सहित, आकार शून्य, अमूर्त। (पचा १२७ स ४९) अरसमरूवमगध। (स ४९)

अरूह पु [अर्हस्] सर्वज्ञ, अरहन्त। (शी ३२) **-पय** पु न [पद] अर्हत्पद, अर्हत् स्थान, अर्हन्त के कारण। जाए विसयविरत्तो सो गमयदि णरयवेयण पउर। ता लहेदि अरूहपय, भणिय जिण-वड्ढमाणेण।। (शी ३२)

अल्लिय वि [आलीन] युक्त। (निय ४७) भवमल्लियजीवा तारिसा होंति। (निय ४७)

अवगय वि [अपगत] विनष्ट, नाशरहित। (स ३०४) - **राध** पु [राध] अपराध से रहित। शुद्ध आत्मा की सिद्धि या साधन को राध कहते है, जिसके यह नहीं है, वह सापराध है। सापराध पुरुष को बन्ध की शका सभव है। जिसके सिद्धि है, वह निरपराध है। निरपराध पुरुष नि शक हुआ अपने उपयोग में लीन होता है। ससिद्धिराध सिद्ध, साधियमाराधिय च एयट्ठ अवगयराधो जो खलु चेया सो होइ अवराधो।। (स ३०४)

अवगहण न [अव+गाहन] अवगाहन, स्थान, जगह, गहराई, आत्मा का एक विशेष गुण। (निय ३०) अवगहण आयास, जीवादी-सव्वदव्वाण। (निय ३०)

अवगास पु [अवकाश] स्थान, जगह। आगास अवगास। (पचा ९२)

अवगाह पु [अवगाह] अवगाहन, जगह देने का कारण। (प्रव ज्ञे ४१) आगासस्सवगाहो।

अवच्छण्ण वि [अवच्छन्न] आच्छादित, ढँका हुआ। (स १६०)

अवणिद वि [अपनित] कम करना, दूर । (स २४२) सव्वम्हि अवणिदे सते। (स २४२)

अवणीय वि [अपनीत] दूर किया गया, कम किया गया। (निय १८४) अवणीय पूरयतु।

अवण्ण वि [अवर्ण] वर्ण रहित, रग रहित। (पचा ८३, स १३७,

अवत्तव्व वि [अवक्तव्य] अनिर्वचनीय, किसी प्रकार से गोचर नहीं, सप्तभङ्गी का चौथा भेद। अत्थि त्ति य णत्थि त्ति य, हवदि अवत्तव्वमिदि पुणो दव्व। (प्रव ज्ञे २३)

अवमाण पु न [अपमान] अवज्ञा, तिरस्कार। (निय ३९) णो खलु सहावठाणा, णो माण-वमाणभावठाणा वा। (निय ३९)

अवमिच्चु पु [अपमृत्यु] अकालमरण, अकारणमरण, आकस्मिकमरण। अवमिच्चु-महादुक्ख तिव्व पत्तो सि त मित्त। (भा २७)

अवर वि [अपर] 1 अन्य, दूसरा। (पचा १०१,स ४०, भा ९६) अवरे पणवीसभावणा भावि। (भा ९६) 2 सि [अपर] जघन्य,

सबसे कम। 3 वि [अपर] जिससे अच्छा अन्य नहीं। **-सावय** पु [श्रावक] उत्कृष्ट श्रावक। (सू २१) दुइय च उत्तलिंग उक्किट्ट अवरसावयाण च।

अवरट्ठिया स्त्री [दे] आर्यिका। (द १८) अवरट्ठियाण तइय।

अवराह पु [अपराध] अपराध। थेयाई अवराहे कुव्वदि। (स ३०१) अवराहे (द्वि ब स ३०२)

अवरूवरुइ वि [अपरूपरुचि] दूसरे के प्रति ईर्ष्या। (लि १३)

अवलंविय वि [अवलम्बित] लटकता हुआ। (बो ५०)

अवलोग सक [अव+लोक्] अवलोकन करना, देखना। (निय ६१) अवलोगतो (व कृ निय ६१)

अवलोयभोयण न [अवलोकभोजन] आलोकित भोजन, अहिंसाव्रत की एक भावना का नाम। (चा ३२) वयगुत्ती मणगुत्ती, इरियासमिदी सुदाणणिक्खेवो। अवलोयभोयणाए अहिंसए भावणा होंति।। (चा ३२)

अववद् सक [अप+वद्] निंदा करना। (प्रव चा ६५) अववदि सासणत्थ, समण दिट्ठा पदोसदो जो हि।

अवस वि [अवश] अपराधीन, स्वतंत्र। (निय १४२, १४३)

अवसत्त वि [अवसक्त] लीन, तन्मय। (प्रव चा ७३)

अवसप्पिणी स्त्री [अवसर्पिणी] अवसर्पिणी काल विशेष, दशकोडाकोडि सागरोपम-परिमित काल, जिसमें सभी पदार्थों के गुणत्व/गुणवत्ता में क्रमश हानि होती है। (द्व २७)

अवसाण वि [अवसान] पृथक्, अविभागी अश। (निय २५) खधाण अवसाणो।

अवसेस पु [अवशेष] अवशिष्ट, बाकी, बचा हुआ। (सू १३, स २९७,२९९) अवसेसा जे भावा ते मज्झ परे त्ति णादव्वा। (स २९७) आलबण च मे आदा अवसेसाइ वोसरे। (भा ५७) अवसेसाइ (द्वि ब) अवसेसे (द्वि ब भा १) अवसेस (द्वि ए निय ९९)

अविट्ठ वि [अविष्ट] प्रवेशित, घुसता हुआ। (प्रव २९) ण पविट्ठो णाविट्ठो। (प्रव २९)

अवितत्थ वि [अवितार्थ] यथार्थरूप, सत्यार्थ, वस्तुस्वरूपात्मक पदार्थ। (मो १७) अवितत्थ सव्वदरसीहिं। (मो १७)

अविदिद वि [अविदित] अज्ञात, नहीं जाना हुआ। (प्रव चा ५७, मो १०) अविदिदपरमत्थेसु। (प्रव चा ५७) **-त्थ** वि [अर्थ] पदार्थ के स्वरूप को न जानने वाला। (स ३२४) अविदिदत्थमप्पाण। (मो १०)

अविभागी न [अविभागिन्]अविभागी,जिसका दूसरा हिस्सा न किया जा सके। एक्को अविभागी मुत्तिभवो। (पचा ७७)

अविभत्त वि [अविभक्त] प्रदेश भेद से रहित, जुदे-जुदे नहीं। (पचा ४५,८७) अविभत्ता लोयमेत्ता य (पचा ८७)

अवियडीकरण वि [अविकृतीकरण] अविकृतीकरण, जैसा का तैसा, विकृत नहीं होने देना। (निय १०८) नियमसार में आलोयण (आलोचन), आलुछण (आलुञ्छन), अवियडीकरण

(अविकृतीकरण) और भावसुद्धि नाम से आलोचना के चार भेद किये है। जो माध्यस्थ भावना मय हो कर्म से भिन्न तथा निर्मल गुणों के निवास स्वरूप आत्मा का चितन करता है, वह भावना अविकृतीकरण है। कम्मादो अप्पाण, भिण्ण भावेइ विमलगुणणिलय। मज्झत्थभावणाए, वियडीकरण त्ति विण्णेय।। (निय १११)

अवियत्थ वि [अवितार्थ] यथार्थ, सम्यक्, सही। (मो ४१) अवियत्थ सव्वदरसीहिं।

अवियप्प वि [अविकल्प] भेद रहित, सशयादि रहित। (पचा १५९, मो ४२) अवियप्प कम्मरहिएण। (मो ४२)

अवियार वि [अविकार] 1 विकार रहित, परिवर्तन रहित। (भा ११०) 2 वि [अविचार] विचार रहित, विकल्प रहित।

अविरइ/अविरदि स्त्री [अविरति] पापकर्मो से अनिवृत्ति, दुष्कर्मो में प्रवृत्ति। (स ८७,८८)

अविरमण वि [अविरमण] अविरति। (स १६४) मिच्छत्त अविरमण।

अविरय वि *[अविरत] अविच्छिन्न, निरन्तर, पापकर्मो से निवृत्ति* रहित। अविरयभावो य जोगो य (स १९०)

अविरुढ वि [अविरूढ] अतिदृढ नहीं। (पचा १०७)

अविरुद्ध वि [अविरुद्ध]अविरूद्ध, ठीक, अनुकूल, अविपरीत। (पचा ५४) अण्णोण्ण विरुद्धमविरुद्ध। (पचा ५४)

अविवरीद वि [अविपरीत] यथार्थ, विपरीत से रहित। (स १८३)

एय तु अविवरीद। (स० १८३)

अविसुद्ध वि [अविशुद्ध] विशुद्धि रहित, अपवित्र। अविसुद्ध य चित्ते (प्रव चा २०)

अविसेस वि [अविशेष] सामान्य, विशेषता रहित। (स १४) अविसेसमसजुत्त।

अवेदअ/ अवेदय वि [अवेदक] अभोक्ता, भोगने में असमर्थ। (स ३१८,३२०)

अव्वत्त वि [अव्यक्त] अप्रकट, अस्पष्ट, अनुचरित, गुह्य। (पचा १२७, भा ६४, स ४९)

अव्वत्तव्व वि [अवक्तव्य] अकथनीय, अनिर्वचनीय। (पचा १४)

अव्वदिरित्त वि [अव्यतिरिक्त] जुदा नहीं, अपृथक्। (पचा १३, स ४०३)

अव्वाबाध/अव्वावाह वि [अव्याबाध] बाधा रहित, अखण्डित। (पचा २९,निय १७७, मो ३)

अव्वुच्छिण्ण वि [अव्युच्छिन्न] बाधा रहित, खण्डरहित, निरन्तर। (प्रव १३) अव्युच्छिण्ण च सुह।

अवि/अपि अ [अपि] भी, निश्चय, और भी । (पचा ३६) सव्वावि हवदि मिच्छा । (स २६)

अविचल वि [अविचल] अविचल, दृढ, मुक्तरूप। जो पढइ सुणइ भावइ, सो पावइ अविचल ठाण। (भा १६४)

अविजाणतो व कृ [अविजानन्] नही जानता हुआ। (प्रव चा ३३) अविजाणतो अत्थे। (प्रव चा ३३)

अविणय पु [अविनय] अविनय, विनयरहित। (भा १०४) **-णर** पु [नर] अविनयी मनुष्य। अविणयणरा सुविहिय, तत्तो मुत्ति ण पावंति। (भा १०४)

अविणास वि [अविनाश] अविनाशी, नाश रहित, शाश्वत। (निय ४८,१७६) असरीरा अविणासा। (निय ४८)

